Girl’s High School & College, Prayagraj

Worksheet Number- 1

Session – 2020 – 2021

Class – 8 A,B,C,D & E

Subject - Hindi Literature

<u>निर्देश</u> - सभी अभिभावकों से निवेदन है कि दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर कठिन शब्दों को समझने और दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखने में छात्राओं की सहायता करें ।

पाठ - मंत्र

संध्या का समय था। डॉ चड्ढा गोल्फ खेलने के लिए तैयार हो रहे थे । उसी समय दो कहार एक डोली लिए आते दिखाई दिए । डोली के पीछे एक बूढ़ा आदमी भी चला आ रहा था । जब डोली आकर डॉक्टर साहब के द्वार पर रुकी तब डॉक्टर साहब ने गरज कर पूछा- “ कौन हो ? क्या चाहते हो ?” तब बूढ़े ने हाथ जोड़कर कहा - हुज़ूर, बड़ा गरीब आदमी हूँ । मेरा लड़का कई दिनों से ...... ।

डॉक्टर साहब ने बिना पूरी बात सुने ही कह दिया – “ कल सवेरे आना , हम इस वक्त मरीजों को नहीं देखते हैं ।” बूढ़े ने घुटने टेक कर ज़मीन पर सिर रख कर कहा - दुहाई है सरकार की, लड़का मर जाएगा। हुज़ूर इसने चार दिन से आँखे नहीं .. ।” डॉक्टर साहब ने घड़ी पर नजर डाली और बोले- “कह दिया न कि कल सुबह आना । इस वक्त मेरे पास टाइम नहीं है ।“

बूढ़े ने पगड़ी उतारकर चौखट पर रख दी और गिड़गिड़ाते हुए कहा- “हुज़ूर ! बस एक नजर देख लें। लड़का हाथ से चला जाएगा । छः लड़कों में बस यही एक बचा है । इसकी जान बचा लो सरकार ।“ डॉक्टर साहब ने अपने मन में कहा – “ ऐसे उजड्ड देहाती यहाँ रोज आया करते हैं । कोई कुछ भी कहे, वे अपनी ही रट लगाते रहेंगे ।“ वे बाहर निकल कर मोटर की तरफ़ जाने लगे । बूढ़ा भी उनके पीछे दौड़ते हुए कहने लगा- “ सरकार बड़ा धरम होगा ! हुज़ूर दया कीजिए । संसार में कोई नहीं है, बस यही लड़का सहारा है ।” डॉक्टर साहब ने उसकी तरफ देखे बिना ही कह दिया कि कल आना ।

बूढ़ा कई मिनट तक मूर्ति की भाँति निश्चल खड़ा रहा फिर उसने कहारों से डोली उठाकर चलने के लिए कहा । चारों तरफ से निराश होकर वह डॉक्टर चड्ढा के पास आया था क्योंकि उसने इनकी बड़ी तारीफ़ सुनी थी । यहाँ से निराश होकर फिर वह किसी दूसरे डॉक्टर के पास नहीं गया । उसने सोच लिया कि किस्मत में लिखा ही नहीं ।

उसी रात को उसका हँसता-खेलता सात साल का बालक इस संसार से चल बसा । बूढ़े बाप के जीवन का बस यही एक आधार था । इस दीपक के बुझते ही बूढ़े के जीवन में घनघोर अँधेरा छा गया ।

शब्दार्थ - चौखट – दहलीज।   संध्या –शाम

मरीज़ – रोगी।   किस्मत – भाग्य

आधार – सहारा

प्रश्न 1 – बूढ़े ने अपनी पगड़ी उतारकर कहाँ रखी ?

प्रश्न 2 - डॉक्टर चड्ढा ने बूढ़े व्यक्ति के बेटे को देखने से मना क्यों कर दिया ?

प्रश्न 3 - बूढ़ा व्यक्ति किसी दूसरे डॉक्टर के पास क्यों नहीं गया ?

प्रश्न 4 - बूढ़े व्यक्ति ने डॉक्टर चड्ढा से अपने बेटे के इलाज के लिए गिड़गिड़ा कर किस प्रकार प्रार्थना की ?

प्रश्न 5 - खाली जगह भरो। -

1- डोली के पीछे एक .... आदमी भी चला आ रहा था ।

2- दो कहार एक.......... लिए आते दिखाई दिए ।

3- बूढ़ा कई मिनट तक मूर्ति की भाँति...... खड़ा रहा ।

4- डॉक्टर चड्ढा........ खेलने के लिए तैयार हो रहे थे ।

END